B.A. (Part-I) (General Hindi)
(Semester-I) Examination - 2025-26
(for N.C. Candidates) N to Z
General Hindi
(सामान्य हिन्दी) 3929

Duration of Examination: 3 Hours
परीक्षा की अवधि: 3 घण्टा

Instructions to the Candidates:
परीक्षार्थी के लिए निर्देश:-

नोट: प्रश्न पत्र दो भागों में होगा। भाग अ और भाग-ब

भाग-अ

भाग- अ में 10 अनिवार्य प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों तक सीमित होगा। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा

भाग-ब

भाग-ब में 10 प्रश्न होंगे। छात्र को प्रत्येक इकाई से कम से कम एक प्रश्न का चयन करते हुए पाँच प्रश्नों का उत्तर दे॰ उत्तर 400 शब्दों तक सीमित होगा। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का होगा।

भाग-अ 3929

निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (शब्द सीमा 50 शब्द)

प्र.1 ''बारिधि नाते ससि कलेक मनु कमल मिटावत।'' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्र.2 'भारत वन्दना' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

प्र.3 'समर शेष है' कविता किस काव्य में संकलित है?

प्र.4 सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं का मूल स्वर क्या है?

प्र.5 विशेषण किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं?

प्र.6 क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? उनके प्रमुख भेदों के नाम लिखिए।

प्र.7 **निम्न लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए-**

(अ) इधर कुआँ उधर खाई।

(ब) आ बैल, मुझे मार।

प्र.8 पल्लवन का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्र.9 **निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए-**

(अ) अम्रत 3929

(ब) पुरूस्कार

10 **निम्न वाक्यों को शुद्ध कीजिए:-**

(अ) मुझे भारी भूख लगी है।

(ब) आतंकवादियों के भय से लोग डरे हुए हैं।

https://www.mdsuonline.com

भाग - ब

इकाई- प्रथम

प्र.11 **निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।**

तरल -तोयधि-तुंग तरंग से।
निविड़-नीरद थे घिर घूमते।
प्रबल हो जिनकी बढ़ती रही।
असितता-घनता-खकारिता।।

3929

प्र.12 **निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-**

वह संसार जहाँ पर पहुँची अब तक नहीं किरण है,
जहाँ क्षितिज है शून्य , अभी तक अम्बर तिमिर-वरण है।
देख जहाँ का दृश्य आज भी अन्तस्तल हिलता है,
माँ को लज्जा -वसन और शिशु को न क्षीर मिलता है।
पूछ रहा है जहाँ चकित हो जन-जन देख अकाज,
सात वर्ष हो गये, राह में अटका कहाँ स्वराज ?

प्र.13 'गंगावतरण' कविता में वर्णित गंगा की विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.14 'वीरों का कैसा हो वसन्त ? कविता में कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने वीरों से क्या चुनने का आग्रह किया है और क्यों ? स्पष्ट कीजिए।

इकाई-द्वितीय

प्र.15 सर्वनाम किसे कहते हैं ? इसके प्रमुख भेदों का वर्णन कीजिए।

प्र.16 समास को परिभाषित करते हुए, प्रमुख भेदों को सोदाहरण समझाइये।

प्र.17 **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताते हुए, वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

(क) आँख की किरकिरी होना
(ख) आसूँ पीकर रह जाना
(ग) उल्टी गंगा बहाना
(घ) कान पर जूँ न रेंगना
(ड.) गुड़ गोबर होना

इकाई-तृतीय

18. **निम्नलिखित अवतरण का उचित शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए-**

शरीर का खाद्य भोजनीय पदार्थ और मस्तिष्क का खाद्य साहित्य है। यदि हम अपने मस्तिष्क को निष्क्रिय और कालान्तर में निर्जीव - सा नहीं रखना चाहते तो हमें साहित्य का सतत् अध्ययन करना चाहिए और उसमें नवीनता लाने के लिए लेखन भी करते जाना चाहिए। पर याद रखिए, विकृत भोजन से जैसे शरीर रूग्ण होकर बिगड़ जाता है उसी तरह लुग्दी साहित्य से मस्तिष्क भी विकारग्रस्त होकर रोगी हो जाता है। मस्तिष्क का बलवान और शक्ति सम्पन्न होना अच्छे साहित्य पर अवलम्बित है। https://www.mdsuonline.com

प्र.19 **निम्नलिखित का पल्लवन कीजिए :-**

सबै दिन जात न एक समान ।

प्र.20 **निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए:-**

3929

(क) अधीनस्त
(ख) अंत्येष्ठि
(ग) ईर्षा
(घ) औषधी
(ड.) प्रत्योपकार
(च) पैत्रिक
(घ) रचियता
(ज) श्रृंगार
(झ) लघुत्तर
(ञ) संसारिक

https://www.mdsuonline.com